रथ के माध्यम से दी जाएगी बचाव की जानकारी

# मलेरिया जागरूकता रथ को किया रवाना

**भोपाल (काप्र)।**

मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत मलेरिया से बचाव और लक्षणों की जानकारी जागरूकता रथ के माध्यम से प्रसारित की जाएगी। रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रभाकर तिवारी और जिला मलेरिया अधिकारी श्री अखिलेश दुबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

रथ में मलेरिया की जांच की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे बुखार से प्रभावित लोगों की जांच की जाएगी। यह रथ चार इमली, न्यू मार्केट, तुलसी नगर, एमपी नगर, हबीबगंज, अन्ना नगर, पिपलानी, गोविंदपुरा, कोलार, नीलबड, अशोक गार्डन, पंजाबी बाग, पुराना भोपाल, इंद्रपुरी, बरखेड़ा पठानी, बैरागढ़, गांधीनगर समेत भोपाल के कई स्थानों में पहुंचकर मलेरिया की जानकारी प्रसारित करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि साल 2016 में भारत सरकार द्वारा नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन जारी किया गया है। इसके अंतर्गत पूरे देश में वर्ष 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य एवं मलेरिया मुक्त क्षेत्र में पुनः संक्रमण रोकने के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। मलेरिया प्रकरणों के आधार पर एनुअल पैरासाइटिक इनसिडेंस के अनुसार कैटिगरी 0,1,2 एवं 3 में श्रेणीबद्ध किया गया है, जिसके अंतर्गत मलेरिया नियंत्रण के लिए शीघ्र जांच एवं पूर्ण उपचार, घर-घर भ्रमण कर बुखार रोगियों की मलेरिया जांच के लिए सर्विलेंस, कीटनाशक युक्त मच्छरदानी का वितरण, कीटनाशक छिड़काव, लार्वा नियंत्रण के लिए गतिविधियां, प्रशिक्षण एवं सपोर्टिव सुपरविजन किया जा रहा है। मलेरिया का खतरा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को ज्यादा रहता है।

तेज ठंड देकर बुखार, कंपकपी, सिर दर्द ,बदन दर्द, उल्टी होना मलेरिया को प्रमुख लक्षण है । गंभीर अवस्था में यह खून की कमी का कारण भी हो सकता है । यदि इसका शीघ्र एवं पर्याप्त उपचार नहीं लिया जाए तो मलेरिया से रोगी की मृत्यु भी हो सकती है। गर्भावस्था में मलेरिया गंभीर हो सकता है और जच्चा और बच्चा भी जान को भी खतरा हो सकता है। मलेरिया होने पर आरडीटी किट किट से जांच करवाकर मलेरिया उपचार नीति के अनुसार पूरा उपचार लेना आवश्यक होता है।

जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने बताया कि प्रदेश में मलेरिया फैलाने वाले दो परजीवी प्लाज्मोडियम फेल्सीफेरम एवं प्लाज्मोडियम वाईवेक्स है। एनाफिलीज मच्छर रुके हुए साफ पानी में जैसे कि धान का खेत तालाब, गड्ढे, कृत्रिम जलाशय, छत पर बनी हुई टंकी, जल एकत्रित करने के लिए जमीन के अंदर बनी टंकी, अनुपयोगी कुंए, जलधारा के किनारे से एकत्र जल, नदियां, हैंड पंप, नल के आसपास जमा पानी, नहर में रुके हुए पानी इत्यादि में पनपता है।

# मप्र के सभी 29 लोस निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम

| संसदीय क्षेत्र क्र. | संसदीयक्षेत्र का नाम | विजेता अभ्यर्थी का नाम | प्राप्त कुल वोट | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुरैना | शिवमंगल सिंह तोमर | 5,15,477 | 52,530 |
| 2. | भिण्ड (अजा) | श्रीमती संध्या राय | 5,37,065 | 64,840 |
| 3. | ग्वालियर | भारत सिंह कुशवाहा | 6,71,535 | 70,210 |
| 4. | गुना | ज्योतिरादित्य सिंधिया | 9,23,302 | 5,40,929 |
| 5. | सागर | डॉ. लता वानखेड़े | 7,87,979 | 4,71,222 |
| 6. | टीकमगढ़ (अजा) | डॉ.वीरेन्द्र कुमार | 7,15,050 | 4,03,312 |
| 7. | दमोह | राहुल सिंह लोधी | 7,09,768 | 4,06,426 |
| 8. | खजुराहो | विष्णु दत्त शर्मा | 7,72,774 | 5,41,229 |
| 9. | सतना | गणेश सिंह | 4,59,728 | 84,949 |
| 10. | रीवा | जनार्दन मिश्रा | 4,77,459 | 1,93,374 |
| 11. | सीधी | डॉ.राजेश मिश्रा | 5,83,559 | 2,06,416 |
| 12. | शहडोल | श्रीमती हिमाद्री सिंह | 7,11,143 | 3,97,340 |
| 13. | जबलपुर | आशीष दुबे | 7,90,133 | 4,86,674 |
| 14. | मंडला | फग्गन सिंह कुलस्ते | 7,51,375 | 1,03,846 |
| 15. | बालाघाट | श्रीमती भारती पारधी | 7,12,660 | 1,74,512 |
| 16. | छिंदवाड़ा | बंटी विवेक साहू | 6,44,738 | 1,13,618 |
| 17. | होशंगाबाद | दर्शन सिंह चौधरी | 8,12,147 | 4,31,696 |
| 18. | विदिशा | शिवराज सिंह चौहान | 11,16,460 | 8,21,408 |
| 19. | भोपाल | आलोक शर्मा | 9,81,109 | 5,01,499 |
| 20. | राजगढ़ | रोडमल नागर | 7,58,743 | 1,46,089 |
| 21. | देवास (अजा) | महेन्द्र सिंह सोलंकी | 9,28,941 | 4,25,225 |
| 22. | उज्जैन (अजा) | अनिल फिरोजिया | 8,36,104 | 3,75,860 |
| 23. | मंदसौर | सुधीर गुप्ता | 9,45,761 | 5,00,655 |
| 24. | रतलाम (अजजा) | अनिता नागरसिंह चौहान | 7,95,863 | 2,07,232 |
| 25. | धार (अजजा) | श्रीमती सावित्री ठाकुर | 7,94,449 | 2,18,665 |
| 26. | इंदौर | शंकर ललवानी | 12,26,751 | 11,75,092 |
| 27. | खरगौन (अजजा) | गजेन्द्र सिंह पटेल | 8,19,863 | 1,35,018 |
| 28. | खंडवा | ज्ञानेश्वर पाटिल | 8,62,679 | 2,69,971 |
| 29. | बैतूल (अजजा) | दुर्गादास उईके | 8,48,236 | 3,79,761 |

# 9 साल बाद भी कई प्रोजेक्ट पड़े हैं अधूरे

**भोपाल ( काप्र )।** अमृत योजना और अमृत काल के बारे में तो आपने एक बार नहीं कई बार सुना होगा। योजना को लेकर ऐसा माहौल बनाया गया जैसे पूरे अमृत की बरसात होने लगी है, लेकिन इसकी हकीकत तब सामने आई जब यहां के लोगों को अमृत की प्यास के साथ राह चलने में जद्दोजहद का सामना करना पड़ा। आलम यह है कि अमृत फेज 2 योजना का काम शुरू हो गया है, लेकिन फेज 1 को काम अभी भी चल रहा है। यानी 9 साल बाद भी कई प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं।

गौरतलब है कि भारी भरकम बजट से अमृत योजना आई तो केंद्र और राज्य के मंत्रियों तक ने बड़े जोर-शोर से इसकी लॉन्चिंग करते हुए दावा किया था कि, इसके पूरे होते ही पीने के पानी का अमृत बरसेगा। पाइप लाइनों के जरिए पेयजल के ऐसे फुब्बारे छूटेंगे कि सडक् से बीस मीटर तक पानी आराम से पहुंच जाएगा। लेकिन आलम यह है कि अमृत योजना फेज 2 शुरू हो गया है, लेकिन फेज 1 के काम अभी भी आधे-अधूरे पड़े हैं। गौरतलब है कि अमृत योजना के पहले चरण को नौ साल होने वाले हैं। इसकी अवधि खत्म होने की कगार पर है। फिर भी प्रदेश में करीब 2200 करोड़ के प्रोजेक्ट पूरे नहीं हो पाए है। इनका काम चल रहा है। यहां ध्यान देने लायक बात यह भी है कि योजना का दूसरा फेज भी शुरू हो चुका है और करोड़ों रुपए के कार्य जमीन पर उतर चुके हैं।

देश के शहरों में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 25 जून, 2015 को अमृत योजना लॉन्च की थी। इसमें प्रमुख तौर से वॉटर सप्लाई, सीवरेज व सेप्टेज प्रबंधन, डेनेज, शहरी ट्रांसपोर्ट और ग्रीन एरिया के कार्यों को शामिल किया गया। योजना को इस महीने नौ साल पूरे हो जाएंगे। नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अमृत के बाकी कार्यों को पूरा करने का सिलसिला अगले साल तक चलता रहेगा। पूरे हो चुके कामों का परफॉर्मेंस ऑडिट किया जा रहा है। लगातार मॉनीटरिंग भी की जा रही है। अर्बन डेवलपमेंट कंपनी और ग्राट के जरिए वित्तीय मदद मुहैया कराई जा रही है। जानकारी के अनुसारी अमृत में जलप्रदाय के 32 प्रोजेक्ट मंजूर किए गए थे। इनकी लागत 2280.80 करोड़ रुपए थी। मौजूदा स्थिति में 1993 करोड़ रुपए खर्च कर 31 योजनाएं पूरी की जा चुकी है। डीपीआर में 11.99 लाख नल कनेक्शन देने का लक्ष्य स्खा गया था। इसके मुकाबले 14.42 लाख कनेक्शन दिए जा चुके है। अभी 287 करोड़ की लागत के एक प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। सबसे बुरी स्थिति सीवरेज व सेप्टेज प्रबंधन की योजनाओं की है। केंद्र ने 3880 56 करोड लागत के कुल 25 प्रोजेक्ट्स मंजूर किए थे। इसमें से 2049.66 करोड़ खर्च कर 15 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। अभी 1830 करोड़ की लागत के दस प्रोजेक्ट चल ही रहे है। गंभीर बात यह है कि 8.26 लाख घरों में सीवेज कनेक्शन देने का टारगेट रखा गया था। उत्प तक 4.20 लाख कनेक्शन ही विए जा सके है। वहीं ड्रेनेज के 23 कार्यो के लिए 248.32 करोड़ रुपए सेक्शन किया गया था। केवल एक योजना अभी चल रही है।

## सड़क पर खड़ी मशीन से टकराकर घायल हुए युवक की मौत

**भोपाल( काप्र )।** कोलार थाना इलाके में बीते दिनो सड़क पर खड़ी मशीन से टकराकर गंभीर रुप से घायल हुए बाइक सवार की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने बताया की हर्षवर्धन नगर, टीटी नगर में रहने वाला 36 वर्षीय सुरेंद्र सिंह पिता वीरेंद्र सिंह कोलार रोड पर स्थित आरकेडीएफ कालेज कोलार में नौकरी करता था। बीते दिनो शाम के समय वह कॉलेज से बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में मदर टेरेसा स्कूल के पास उसकी बाइक सड़क पर सड़क निर्माण कार्य में लिये खड़ी मशीन से टकरा गई। घटना में सुरेंद्र को सिर में घातक चोंटे आई थी। उस इलाज के लिये हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पुलिस का कहना है कि अस्पताल से मिली सूचना पर टीम ने हॉस्पिटल पहुंचकर घायल सुरेंद्र के बयान दर्ज करने का प्रयास किया था, लेकिन डॉक्टरो ने बताया कि सिर में आई चोंट के कारण वह कोमा में है। जिसके कारण उसके बयान दर्ज नहीं किये जा सके थे। बीती शाम इलाज के दौरान सुरेंद्र ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि हादसे की जांच की जा रही है, जॉच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किन्नर को मिलेगी निःशुल्क उच्च शिक्षा

**भोपाल ( काप्र )।** मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ने किन्नरों को उच्च शिक्षा सुलभ कराने की दिशा में बड़ी पहल की है। हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण किन्नर के आगे की पढ़ाई के लिए इच्छुक होने पर उन्हें विश्वविद्यालय में निशुल्क पढ़ाई की सुविधा देने का निर्णय किया गया है। विश्वविद्यालय ने बलिदानियों के स्वजन को भी दूरस्थ शिक्षा शुल्क से छूट की घोषणा की है। इन्हें भी विश्वविद्यालय में प्रवेश पंजीयन से लेकर अध्ययन सामग्री तक निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। दोनों वर्ग के लिए रियायत नए शिक्षण सत्र से लागू किया जा रहा है। नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया इसी माह से आरंभ होगी। प्रदेश के मूल निवासियों के साथ ही अन्य राज्य के संबंधित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए भी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में अध्ययन निशुल्क होगा। विश्वविद्यालय ने किन्नरों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय किया है। इसके लिए विश्वविद्यालय के समस्त क्षेत्रीय केंद्रों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। वे अपने क्षेत्राधिकार में निवासरत किन्नरों के संपर्क कर उनके साथ संवाद स्थापित करेंगे। किन्नरों के पास पात्रता होने पर उन्हें स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### हम भारतीय मिलकर...

निजी तौर पर मेरे लिए भी भावुक करने वाला पल है। मेरी मां के जाने के बाद ये मेरा पहला चुनाव था, लेकिन सच मानिए देश की कोटि-कोटि माताओं-बहनों-बेटियों ने मां की कमी मुझे खलने नहीं दी। मैं पूरे देश में जहां-जहां भी गया माताओं-बहनों-बेटियों ने अभूतपूर्व स्नेह और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि हमारे विरोधी एकजुट होकर भी उतनी सीटें नहीं जीत पाए, जितनी इस लोकसभा चुनाव में अकेले भाजपा ने जीती है। मैं देश के कोने-कोने में उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ता को कहूंगा, आपकी मेहनत, इतनी गर्मी में आपका बहाया पसीना ये मोदी को निरंतर काम करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अगर आप (देशवासी) 10 घंटे काम करेंगे तो मोदी 18 घंटे काम करेगा, आप दो कदम चलेंगे तो मोदी चार कदम चलेगा। हम भारतीय मिलकर चलेंगे, देश को आगे बढ़ाएंगे। तीसरे कार्यकाल में देश बड़े फैसलों का एक नया अध्याय लिखेगा और ये मोदी की गारंटी है।

### यह प्रधानमंत्री के...

के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देता हूँ। गांधीनगर से जीत हासिल करने वाले शाह ने लिखा कि यह विजय, मोदी जी की उस अविराम साधना का प्रतिफल है, जो किसी भी कीमत पर रुकना नहीं जानती है। बीते 23 सालों के सार्वजनिक जीवन में बिना एक दिन भी छुट्टी लिए, बिना अपनी परवाह किये, दिन-रात केवल देश और देशवासियों के कल्याण के लिए प्रयासरत रहने के मोदी जी के मैराथन प्रयास की यह जीत है। राजनाथ सिंह ने लिखा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को मिली सफलता और तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश देने के लिए मैं देश की जनता का हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। एनडीए की यह जीत मोदीजी की जनकल्याणकारी नीतियों और गरीब कल्याण के प्रति उनके समर्पण की जीत है। भारत की जनता को उनके नेतृत्व में अगाध विश्वास है। उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत बनने के विराट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अमृत काल में एक सक्षम और और सशक्त राष्ट्र के रूप में अग्रसर है। पिछले दस वर्षों में आज देश उस दौर में पहुँच गया है, जहां भारत के नागरिक ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देशों को यह भरोसा हो गया है कि हमारा देश विकसित होने के साथ साथ समूचे विश्व को नेतृत्व और नई दिशा देने का सामर्थ्य रखता है। मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और उनके नेतृत्व में हम सभी नई ऊर्जा और उत्साह के साथ विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी ने कहा कि भारत की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए को तीसरी बार सरकार बनाने जनादेश दिया है। मैं देश की तमाम जनता को तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई देता हूं और उनका अभिनंदन करता हूं। विगत 10 वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकासकार्य हुए हैं। विकसित भारत की ओर बढ़ते हमारे कदम आगे भी देश की सेवा में अखंड कार्यरत रहेंगे। प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं.. कटिबद्ध हैं।

### इंदौर सीट पर...

में कामयाब हुए हैं। सागर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी लता वानखेड़े ने सागर संसदीय सीट में अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। इसके पहले इस संसदीय सीट पर सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड 2019 में बीजेपी प्रत्याशी राज बहादुर की जीत का था, जिन्होंने 3 लाख 5 हजार मतों से जीत हासिल की थी, यहां बीजेपी प्रत्याशी लता वानखेड़े को 784953 मत मिले हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभूषण बुंदेला को 315870 मत मिले हैं। बीजेपी प्रत्याशी ने 469083 मतों से जीत हासिल की है उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र से सांसद अनिल फिरोजिया ने चुनाव में 3 लाख वोटों से अधिक की बढ़त बनाने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह जीत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है, मैंने पहले ही यह कहा था कि इस बार हम पिछला रिकॉर्ड तोड़ेंगे और इसे तोड़ने भी वाले हैं। टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के डा. वीरेंद्र कुमार चार लाख से अधिक मतों से जीते है। चुनाव जीतने के बाद वीरेंद्र कुमार मतगणना केंद्र पहुंचे और अपने समर्थकों के साथ विक्ट्री साइन दिखाया। साथ ही कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं वजह से सफलता मिली है। गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बार फिर सिंधिया ने अपनी वापसी की है। 2019 के चुनाव में मिली हार से सबक लेते हुए इस बार उन्होंने जी तोड़ मेहनत कर रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। सिंधिया को 880666 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह यादव को 368502 मत मिले। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 512158 मतों से जीत दर्ज कर इतिहास बनाया।

दमोह से भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी ने पिछले 35 साल के जीत का रिकार्ड तोड़ा है। राहुल सिंह लोधी 389900 वोटों से आगे है, जबकि पूर्व दमोह सांसद और वर्तमान पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल 3 लाख 53 हजार 411 वोटों से जीते थे। राहुल सिंह को अब तक 678409 मत मिले जबकि निकटतम प्रत्याशी कांग्रेस के तरवर सिंह लोधी को मिले 288509 मत मिले हैं। प्रदेश और देश में पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत हुई है। मध्यप्रदेश में बीजेपी ने क्लीन स्वीप किया है। पिछले 20 सालो में बीजेपी सरकार के कार्यों और मौजूद सरकार के अच्छे कामों के चलते सभी 29 सीटे जीती है। एमपी में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के नतीजों से साबित हो गया कि एमपी में कांग्रेस खत्म हो गई है। सागर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी लता वानखेड़े अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के चन्द्र भूषण बुंदेला से निर्णायक बढ़त हासिल कर चुकी है। अगर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो पिछली बार बीजेपी 3 लाख 5 हजार मतों से चुनाव जीती थी, इस बार इस जीत का आंकड़ा पार हो सकता है। बीजेपी प्रत्याशी को निर्णायक बढ़त मिलने पर स्थानीय बीजेपी नेताओं में उत्साह का माहोल है।

### निवेशकों के डूबे...

था। बाजार में उतार-चढ़ाव दिखाने वाला इंडिया विक्स 27 प्रतिशत के उछाल के साथ 26.74 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, एसबीआई, एलएंडटी, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और रिलायंस टॉप लूजर्स थे। एचयूएल, नेस्ले, टीसीएस, एशियन पेंट्स और सनफार्मा टॉप गेनर्स थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि बाजार को एनडीए की एकतरफा जीत की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके कारण बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट, रूपक दे का कहना है कि 22,000 का मनोवैज्ञानिक स्तर काफी अहम रहने वाला है। अगर गिरावट इससे ज्यादा होती है तो 21,400 से लेकर 21,500 का स्तर भी देखने को मिल सकता है। बड़ी रिकवरी की संभावना तभी है, जब बीजेपी चुनाव आराम से जीत जाए।

### जनादेश मोदी के...

विजन दिया है। श्री गांधी ने कहा कि यह चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन का आया है और इसमें संविधान को बचाने का हमारा अभियान सफल रहा। देश ने इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साफ कह दिया है कि देश अब उन्हें नहीं चाहता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश को बचाने का काम हिंदुस्तान के गरीब लोगों ने किया है, आदिवासियों ने किया, मजदूरों ने किया है। उन्हें समझ में आ गया था कि संविधान देश की आवाज है। हिंदुस्तान के सबसे गरीब लोगों ने देश के संविधान को बचाया है और हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। हम उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह के नेताओं की कल बैठक बुलाई गई है और उसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। बैठक में गठबंधन के नेता जो भी तय करेंगे, उसी के अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी। श्री गांधी ने किशोरी लाल शर्मा को अमेठी सीट पर जीत हासिल करने के लिए बधाई दी और कहा कि वह अमेठी से बहुत नजदीकी से जुड़े रहे हैं और उसी का परिणाम आज उन्हें मिला।

## शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# डिजिटल उपकरणों के सकारात्मक प्रयोग से लक्ष्य हासिल करना सिखाएं छात्रों को

**भोपाल ( हिनप्र )।** शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित स्कूल्स में टीचर्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन डॉ अर्चना शर्मा का व्याख्यान हुआ, जिसमें डिजिटल डिसिप्लिन एंड एक्टिव लर्निंग स्ट्रेटजी विषय पर बात रखी गई।

शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल सोसायटी नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल, केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं सीएचआई गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन मधुबन एजुकेशनल बुक्स, दिल्ली के सौजन्य से डॉ. अर्चना शर्मा ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल की उपयोगिता आवश्यक है, किंतु किसी भी चीज की अधिकता हानिकारक होती है इसलिए कक्षा में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक करना जरूरी है, जिसके लिए समय-समय पर मोबाइल के दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराते रहना चाहिए, ताकि वे डिजिटल उपकरणों के सकारात्मक प्रयोग द्वारा वांछित लक्ष्य को प्राप्त कर अपना सर्वांगीण विकास कर सकें।



### संस्था ने किया सम्मान

कार्यक्रम में संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने डॉ. अर्चना शर्मा का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मीनल सिंह ने किया। इस अवसर पर नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अमृता मोटवानी, मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, मधुबन एजुकेशनल बुक्स, दिल्ली की एसोसिएट रीजनल प्रोडक्ट मैनेजर सुश्री कीर्ति तोलानी एवं समस्त कॉर्डिनेटर्स व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**रोचक गतिविधियां करवाई :** आपने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय शिक्षण बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सक्रिय शिक्षण सीखने की एक विधि है जिसमें विद्यार्थी सक्रिय रूप से अपनी सभी ज्ञानेन्द्रियों का प्रयोग करके अनुभवात्मक रूप से सीखने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं। उन्होंने अपने विषय को समझाते हुए कई रोचक गतिविधियां करवाईं।

## प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट परीक्षा ब्रीफिंग की बैठक आज

भोपाल (काप्र)। कर्मचारी चयन मण्डल की प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट परीक्षा 8 एवं 9 जून को राजधानी के 5 परीक्षा केन्द्रों में होगी।

संयुक्त आयुक्त विकास सुदर्शन कुमार सोनी ने बताया कि ब्रीफिंग की बैठक 05 जून को दोपहर 12:00 बजे से आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयुक्त के निर्देशन में रखी गई है। बैठक में सभी केन्द्राध्यक्ष,ऑब्जर्वर एव अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व में मेरा नाम विशाल कुमार राय पुत्र अशोक कुमार राय था जो कि मेरी 10वीं की मार्कशीट पर अंकित है, अब मेरा नाम बदलकर नया व सही नाम विशाल राय पुत्र अशोक राय निवासी म. नं. 156 ग्रीनपार्क कॉलोनी बैरसिया रोड, फिरदौस नगर भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001 हो गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। 706

**नाम परिवर्तन**

मै मान्या मोटवानी पत्नि श्री अंकित मोटवानी आयु- 36 वर्ष, पता-30, लॉडर्स कालोनी, लालघाटी, हुजूर, भोपाल म.प्र., मेरे द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम प्रियंका घनश्यामदास कुंगवानी (PRIYANKA GHANSHYAMDAS KUNGWANI) था। मेरा विवाह दिनांक-30.12.2013 को श्री अंकित मोटवानी के साथ सम्पन्न हुआ था। अतः विवाह के पश्चात मेरा नाम मान्या मोटवानी (MANYA MOTWANI) हो गया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा व लिखा जावे। 704

## वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के दैवे पदाधिकारियों की बैठक 10 को

**भोपाल।** मप्र वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के दैनिक वेतनभोगी पदाधिकारियों की बैठक भोपाल के 9 मसाला रेस्टोरेंट में 10 जून को आयोजित की जाएगी। दैनिक वेतन भोगी एवं श्रमिक प्रकोष्ठ के संरक्षक अनिल वाजपेयी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कर्मचारियों के नियमितीकरण पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठन पदाधिकारी राहुल जैन, मुकेश साहू, धीरेन्द्र शर्मा, पंकज मिश्रा, कपिल चौधरी, गोलू यादव(सिरोंज) सहित दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी भी शामिल होंगे।

# एकादशी पर संतनगर में संकीर्तन यात्रा निकली



**भोपाल ( हिनप्र )।** एकादशी पर संतनगर में संकीर्तन यात्रा निकाली गई, जो पेट्रोल पंप से आरंभ होकर मिनी मार्केट चंचल चौराहा से होते हुए नरेश परदासानी के निवास पर संपन्न हुई।

राष्ट्रीय सिंधी मंच ने संकीर्तन यात्रा का स्वागत किया। मंच के जिलाध्यक्ष हीरो हिन्दू ने कहा कि हर सनातनी हिन्दू को हर महीने में एक एकादशी का व्रत रखना चाहिए। संकीर्तन यात्रा में नरेश परदासानी, हीरो फैंस क्लब के प्रभु मूलचंदानी, अशोक तनवानी, राजकुमार दादवाणी, प्रवीण तनवानी, मधु घनशानी, ओम आसानी, शमी गंगवानी, दिनेश पंजवानी, राजा दादलानी, राज सिंगानिया शामिल हुए।